कृषि विज्ञान केन्द्र, भगवानपुर हाट, सिवान

(डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, समस्तीपुर)

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष **2023 & 2024** के लिए आम, अमरूद एवं लीची फलों की बाग की नीलामी हेतु दिनांक 28.03.2023 दिन मंगलवार को कृषि विज्ञान केन्द्र, भगवानपुर हाट के प्रशिक्षण कक्ष में कार्यालय अवधि 11:00 बजे पूर्वाहन् में कार्यालय गठित समिति एवं व्यापारियों के समक्ष डाक से प्राप्त निविदा बंद लिफाफ खोला जायेगा। उच्चतम राशि की बोली लगाने वाले क्रेता को आकलन मूल्य 50 प्रतिशत राशि उसी दिन अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा करना होगा। इस नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक क्रेता को 5000/– (पांच हजार) रूपया मात्र कैश/डी0डी0/चेक के माध्यम से आम, अमरूद एवं लीची फलों के लिए प्रतिभूति राशि के रूप में नीलामी प्रारंभ होने के पहले कार्यालय में जमा कर देनी होगी। निविदा आकलन का राशि मुहरबंद लिफाफा में लिखकर डाक द्वारा दिनांक 27.03.2023 को सायं 5:00 बजे तक कार्यालय में पहुंच जाना चाहिए। बाग की उच्चतम बोली वाले क्रेता को बाग की उचित देख–भाल स्वयं करनी होगी। प्राकृतिक आपदाओं से बाग में होने वाली क्षति के लिए स्वयं जिम्मेवार होगें। क्रेता को क्रयमूल्य का शेष राशि प्रथम फल तोड़ने के पूर्व अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा कर देनी होगी। इच्छुक व्यक्ति कार्यालय अवधि में आकर आम, अमरूद एंव लीची फलों में लगे मंजर का निरीक्षण कर सकते हैं। सील बंद लिफाफा/निविदा आवेदन डाक अथवा कार्यालय में लगे पेटी में डाल सकते हैं। दिनांक 27.03.2023 को सायं 5.00 बजे अपराह्न के बाद प्राप्त होने वाले लिफाफा/ आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। निम्नतम राशि (आधारभूत) रू0 1,00,000.00/– (एक लाख मात्र) निर्धारित की गयी है लेकिन अधिकतम राशि देने वाले को बगीचा वर्ष 2023–24 के लिए दिया जायेगा। बाकी भगीदारों को कैस, चेक, डी0डी0 वापस कर दिया जायेगा।

नीलामी की स्वीकृति या रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित है।

निविदा भेजने का पताः–

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
कृषि विज्ञान केन्द्र, भगवानपुर हाट, सिवान
पिनकोडः– 841408

ह0/–
वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
कृ0वि0के0, सिवान

प्रत्रांक संख्या 571 / कृ0वि0के0, सिवान   दिनांक 15/03/2023

प्रतिलिपिः– अधिष्ठाता, तिरहुत महाविधालय, ढोली/निदेशक/उपनिदेशक, प्रसार शिक्षा निदेशालय, डॉ0रा0प्र0के0कृ0वि0वि0, पूसा समस्तीपुर/एरिस सेल, डॉ0रा0प्र0के0कृ0वि0वि0, पूसा समस्तीपुर/सूचना पटट, के0वी0के0, सिवान/ के0वी0के0 गोपालगंज, छपरा, पीपराकोठी, परसौनी, पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण/डाकघर, सिवान/पैक्स सिवान/संबंधित व्यापारियों/प्रक्षेत्र पदाधिकारी सिवान/कार्यालय अधीक्षक–सह–लेखापाल एवं गठित समिति के सभी सदस्य, कृषि विज्ञान केन्द्र, सिवान को सूचनार्थ एवं व्यापक प्रचार प्रसार हेतु प्रेषित।

15/3/2023
वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष